>

Title: Need to accord approval to the proposal of Government of Uttar Pradesh for sanction of funds for the Kumbha Mela at Allahabad in 2012-13.

श्री कपिल मुनि करवारिया (फूलपुर):अगला कुंभ का मेला इलाहाबाद (प्रयाग) में अगले वर्ष 2012-13 में आने वाला है। इस मेले में आयोजन पर जो धनराशि व्यय होनी है उसके लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा अनुमानित धनराशि का प्रस्ताव केन्द्र सरकार को भेजा गया है। परंतु सरकार द्वारा इस धनराशि को अभी तक स्वीकृति प्रदान नहीं की गई है।

अतः सरकार से मेरा आग्रह है कि प्रदेश सरकार द्वारा भेजा गया प्रस्ताव अविलंब स्वीकृत हो जिससे मेले के आयोजन के लिए पर्याप्त धनराशि प्राप्त हो सके।